गर्दिश-ए-अंजुम

"शब्दों की उड़ान, दिलों की पहचान
एक एहसास, जो सबका है"

श्याम सुंदर सैनी

BlueRose ONE.com
Stories Matter
NewDelhi • London

BLUEROSE PUBLISHERS
India | U.K.

Copyright © Sham Sunder Sethi 2026

All rights reserved by author. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of the author. Although every precaution has been taken to verify the accuracy of the information contained herein, the publisher assumes no responsibility for any errors or omissions. No liability is assumed for damages that may result from the use of information contained within.

BlueRose Publishers takes no responsibility for any damages, losses, or liabilities that may arise from the use or misuse of the information, products, or services provided in this publication.

BlueRose ONE.com
Stories Matter
NewDelhi • London

For permissions requests or inquiries regarding this publication, please contact:

BLUEROSE PUBLISHERS
www.BlueRoseONE.com
info@bluerosepublishers.com
+91 8882 898 898
+4407342408967

ISBN: 978-93-7825-617-2

Typesetting: Namrata Saini

First Edition: June 2026

Dedication



To my mother

Preface

हमारे पिताजी एक बहुत ही अच्छे कवि हैं। वे अपनी कविताओं के माध्यम से अपने मन के भावों को सुंदर शब्दों में व्यक्त करते हैं। उनकी कविताएँ दिल को छू लेने वाली, प्रेरणादायक और विचारों से भरपूर होती हैं। हमें गर्व है कि हमारे पिताजी न केवल एक अच्छे पिता हैं, बल्कि एक प्रतिभाशाली लेखक और कवि भी हैं। उनकी लेखनी से हमें सीख, प्रेरणा और जीवन के सुंदर मूल्य मिलते हैं।

एक बार फिर आजा कान्हा
विराट रूप दिखा जा कान्हा
आओ हरि पुनि माखन चाखो
आज लाज भारत की राखो
पाँचाली करती पुन: विलाप
महासभा में रही भोग संताप
चारों ओर द्रौपदियां हैं अनाड़ी
दुशासन खींच रहे हैं साड़ी
अन्याय साथ लेकर खाली
कौरव हुए पुन: बलशाली
गांधार, मद्रदेश, अंग, वैशाली
बढ़ रहे जैसे आंधी काली
मत्स्य, भोज,अंधक, कुक्कुर
देने चले पांडु पुत्रों को टक्कर
उसपर यह क्या किया कान्हा
अक्षौहिणी सेना भी दे डाली
युद्ध से स्वंय कोई नाता न रखा
अस्त्र-शस्त्र पे हाथा न रखा
चतुराई से बड़ी मात्र दर्शक बने
स्वंय पार्थ के मार्ग दर्शक बने
अर्जुन की फिर सुनो पुकार
सकल जगत पर करो उपकार
मन मे मोह माया का गर्भाधान
आप ही करो शंका समाधान
फैलाकर फिर गीता का ज्ञान

मानव भर का करो कल्याण
बन रहे जो कष्टों का कारण
विराट रूप फिर हरि दिखावो
धनंजय को युग साक्षी बनावो
पुकार रहे पुन: पाँडव मोहन
धर्म ध्वज का करो आरोहण
चारों ओर मचा हुआ कोहराम
असहाय कुरलाते त्राहिमाम
करो दुष्ट जनों का संहार
हो भूधरा पे शान्ति विस्तार
'अंजुम '

*****

दुनिया की साजिशों का तो कोई गम नहीं
देखे जो भीड़ में अपने तो ऑसू निकल पड़े
हंसने की हसरतों पर बेहद हकदार थे हम
हैरत हुई साथ ग़मों के काफिले ही चल पड़े
बेशक तेरा मुस्तकबिल अव्वल था मेरे लिए
दोयम रहकर हम ख़ुशी से नीचे फिसल पड़े
दर्जा ए हरारत अब तो कम हुआ जाता है
इल्म नहीं कि कब जिस्म शोलों से जल पड़े
'अंजुम '

*****

हर अँधेरे में उम्मीदों का उजाला रखना,
ज़िंदगी है तो दिलों में हौसला रखना।
चल पड़े हो तो थकावट से न घबराना,
हर कदम पर अपने जज़्बों को पाला रखना।
मुस्कुराकर ही कठिन राहों को जीता जाता,
होंठ पर चाहे दर्द हो, पर निवाला रखना।
जो भी आए फ़सले-ग़म, डट के गुजर जाएँगी,
बस यक़ीं का अपने अंदर इक हवाला रखना।
ज़िंदगी रूठे तो समझा-बुझा के मना लेना,
और दिल में हर किसी के लिए उजाला रखना।
क़द्र करो उन लम्हों की जो मिलते जाएँ,
हर धड़कन में मोहब्बत का रसाला रखना।
'अंजुम '

*****

खूब ख्यालों में घूमा हूँ
सपनों में भी डूबा रहा
कभी चाँदनी कभी चमन
सब की बाँहों में सोया रहा
वादी में इक घर का सपना
और अपनों का साथ रहे
यह उम्मीद थी ऑंखों में
हाथों में उसका हाथ हो
एक झलक दिखाई किस्मत ने
ठोकरों से जमकर धोया रहा
धूप हक़ीक़त से हुआ रूबरु
खामोश कोने में रोया रहा
'अंजुम '

*****

जिल्लत की की इस क़दर आदत हो गई

जिल्लत की इस क़दर आदत हो गई,
ज़ख़्म भी मिले तो जैसे राहत हो गई।
हर ताना अब दुआ सा सुनाई देता है,
हर ठोकर जैसे मेरी इनायत हो गई।
झुकते-झुकते कमर ही नहीं, रूह भी झुकी,
ख़ामोशी मेरी सबसे बड़ी हिकायत हो गई।
अपनों की बेरुख़ी ने यह सिखा दिया,
तन्हाई ही अब मेरी हिफ़ाज़त हो गई।
रोना भी चाहा तो आँसू न निकले,
शायद सब्र ही मेरी इबादत हो गई।
अब जिल्लत भी मुझे तोड़ नहीं पाती,
दर्द सहते-सहते आदत ही ताक़त हो गई।
'अंजुम '

*****

रूह का रूह से ही ताल्लुक इतना है
कब यह हुस्न राख में बदल जाए
मेरी जानिब न देख इस क़दर
ज़ालिम इक तबस्सुम पे दिल न मचल जाए
सब की बेरूखी को नज़रअंदाज़ किया
शायद हर ताल्लुक यूँ संभल जाए
दामन में छिप कर ये तो रह ही लेंगे
जाने कब हाथ से यह फिसल जाए
मुझ को जी भर के रो लेने दे 'अंजुम '
अश्क सब ऑंख से निकल जाए

*****

बंद कमरे की दीवारें कसती जा रही हैं
धीरे धीरे साँसें सीने में फंसती जा रही हैं
हालात पे रूह भी अब रहम नहीं करती
तन्हाई अश्कों पे तंज कसती जा रही हैं
जीने की वजह तलाश कर क्या करे कोई
भोर के चिराग़ की लौ घटती जा रही है
किसकी राह पर नजर बनाए रखे कोई
धुँधली आँख नम नज़र फटती जा रही है
ग़ैरत ही नहीं अब कहीं ज़िन्दग़ी में कोई
वक्त निकल रहा उम्र कटती जा रही है
ज़ख़्म आए मरहम न दे पाया मगर कोई
महरमे नज़र बीमार से हटती जा रही है
"अंजुम "

*****

चमन में बहारें भी बदस्तूर आएँगी
गुलों को छेड़ के तो हवाएँ सताएँगी
दिन रात धूपछाँव का सिलसिले से
ज़माने में रौनकें चार चाँद लगाएँगी
ज़मीन पर आसमान भी झुकेगा
नदियाँ भी अपने यौवन दिखाएँगी
फलक पर सितारों की महफ़िल भी
चाँदनी से कहीं छिपकर रह जाएँगी
गर्दिश से टूट कर इक 'अंजुम ' गिरेगा
सब की मन्नतें ख़ुद कबूल हो जाएँगी

*****

साँसें इस क़दर उलझी रही साँसों में
ख़ामोशी से उम्र ए सफ़र निकल गया
फरेब ए वफ़ा की तलाश में
हर बार नादान दिल अक्सर मचल गया
बहुत कोशिश हुई वक्त को कस लूँ मुट्ठी में
रेत था हाथ से फिसल गया
बहुत रोका मगर तुझे देखकर

'अंजुम ‘
*****

अश्कों का सैलाब ऐसे पिघल गया
ज़माना मेरी मंज़िल तय करता रहा
और मैं हर राह से ऐसे भटक गया
हर ज़ुबान की बदज़ुबानी सहन की
फिर भी सफ़र ए उम्र गुजर गया
सीने मैं सुलगाई वफ़ाओं की शमां
इसी कोशिश में दिल भी जल गया
खुशी की चाह में दर ओ' दीवार खुले
साए की तरह अंदर ग़म भी पल गया
विसाल ए यार की हसरत पाले रहे
जाने कब वो वक़्त आ के टल गया
'अंजुम '

*****

कुछ अजनबी से चेहरे
ख़्वाबों में आते हैं
कभी मैं गले लग जाता हूँ
कभी वो गले लगाते हैं
कुछ अजनबी से चेहरे
मुझ को बुलाते हैं
और पास आकर मेरे
दिल के मेहमान बन जाते हैं
कुछ अजनबी से चेहरे
कभी वो रूठ जाते हैं
कभी खुद मान जाते हैं
तन्हा जब उदास होता हूँ
मेरे दिल को सहलाते हैं
कुछ अजनबी से चेहरे
'अंजुम '

*****

बातों बातों में अपनी हर बात अधूरी रह जाती है
कितनी भी महफ़िल सजाएँ दिल में दूरी रह जाती है
शिक़वे शिकायत में ही सब वक़्त निकल जाता है
अगली मुलाक़ात के इंतज़ार की मजबूरी रह जाती है
ज़माने भर में अपने चर्चों पर बहस होती है अपनी
दिल की तो फिर कोई बात जरूरी रह जाती है
इज़हार ए जुर्म ए वफा कबूल कर भी लूँ 'अंजुम '
जज़्बात में धड़कन की इक मन्जूरी रह जाती है

*****

साये भी साथ चलते थे, अब साये छूट जाते हैं,
तन्हाई की राहों में कदम खुद रुठ जाते हैं।
दिल के वीरान कमरे में कोई दस्तक नहीं आती,
ख़्वाबों के टूटने पर भी चेहरे मुस्कुराते हैं।
रातों की चुप्पियों में कुछ आवाज़ें तैरती हैं,
हम सुनना भी चाहें तो कदम डगमगाते हैं।
यादों की राख ओढ़े हुए बैठा हूँ चुपचाप,
जिन लम्हों को छुआ था वो ही दर्द बन जाते हैं।
अब "अंजुम" क्या शिकायत हो वक़्त और किस्मत से,
ज़ख़्मों की निगहबानी में ही दिन कट जाते हैं।

*****

सूना आँगन, सूना मन
बिन आकस सूना दर्पण,
चारों ओर पसरी खामोशी
जैसे थम गया हो जीवन।
बिखरे सपनों की सरगोशी
रूठी-सी हर इक धड़कन,
कोई पुकारे मन के भीतर
पर मिलती बस अपनी तड़पन।
इस रिक्ति को भर दे कोई
छू ले मिट्टी का कंपन,
थाम ले हथेली यूँ पलभर
जैसे मिल जाए सावन।
अंततः थककर ये मन बोले—
छोड़ दे हर दुविधा-बंधन,
जो भी है अपना, दे दे उसको
पूरी निष्ठा, पूरा समर्पण। 'अंजुम '

*****

बेमुरव्वत, बेहया ज़िन्दगी,
छुटती भी नहीं, मिटती भी नहीं,
हर जख़्म को चूम लेती है ये,
कोई शिकायत करती भी नहीं।
दर–दर की ठोकरें खा के भी,
ये रूह कभी बिखरती नहीं,
ग़म की चादर ओढ़े रहती है,
मगर हकीकत कहती भी नहीं।
कभी ख़्वाबों में मुस्कुरा उठती,
कभी यादों में सुलगती रही,
हर बार मरी और जी उठी,
मगर मर के भी मरती नहीं।
दिन रात सुलगती ही रहती है
खुल कर जलती भी नहीं
सुकून की तलाश में व्याकुल
दर्द छिपाने से टलती भी नहीं
'अंजुम '

*****

ख़ामोशियों से गुफ़्तगू पे इसरार न कर
बेदिलों की महफ़िल में इज़हार न कर
जो सुकून मांगा तक़दीर ने दिया नहीं
इस के लिए ज़माने से तकरार न कर
दीदार ए जनून से इन्कार न कर
किसी बेवफ़ा के वादे पे एतबार न कर
परछाईयों की वजह रौशनी होती है
चिराग़ों के बुझने से इन्कार न कर
अपने ख्यालात की जग हंसाई भी देखी
औ' मुस्कान के पीछे छुपी रुलाई भी देखी
उम्र के इस मुकाम पे क्या हुआ 'अंजुम '
कभी अपने जज़्बात की रुस्वाई भी देखी

*****

सहरा में भटक गए इक वजूद के साथ,
तन्हाई बसी रही ख़ौफ़-ए-वफ़ात के साथ।
हस्ती ढल गई उम्मीद-ए-मुलाक़ात के साथ,
रह गईं बस साँसें चंद ख़यालात के साथ।
आईना पूछता रहा चेहरे का सब हाल,
हम ख़ुद से ही जूझते रहे सवालात के साथ।
ज़िंदगी गुज़र गई दर्द-ए-हालात में,
हम मुस्कराते रहे टूटे जज़्बात के साथ।
तेरे नाम से रोशन हैं मेरी सब तहरीरें,
लिखता रहे दर्द-ए-दिल 'अंजुम' के साथ।

*****

यह पश्चिम है —जहाँ हर चीज़ मशीनी है।
यहाँ मुस्कानें भी सॉफ़्टवेयर अपडेट से चलती हैं,
दुःख भी इमोजी में बाँटे जाते हैं,
और प्यार —वाइ-फाइ की रेंज पर टिका होता है।
यहाँ दिल नहीं,डिवाइस धड़कते हैं,
आवाज़ें गूँजती नहीं,रिकॉर्ड होती हैं।
यहाँ दोस्ती “कॉन्टैक्ट लिस्ट” है,
और मुलाक़ात —स्क्रीन के उस पार की एक झलक।
नींद अब गोली से आती है,
और सुकून —वर्चुअल रियलिटी के कोनों में ढूँढा जाता है।
यहाँ वक्त भी बेच दिया गया है,
घंटे डॉलर में,साँसें डेडलाइन में,
और ख़्वाब — सेल पर मिलते हैं।
यह पश्चिम है —चमकता, जगमगाता, पर भीतर से खाली।
जहाँ इंसान नहीं,बस परछाइयाँ रहती हैं —हर चीज़ मशीनी है। '
अंजुम'

*****

ज़िन्दगी बोझ बन गई है या
कभी खुद को और कभी सब को बोझ लगती है।
हर मुस्कान के पीछे एक सिसकी सी छुपी रहती है,
हर राहत में कोई उलझन सी जगती है।
आईनों में अब पहचान धुंधली लगती है,
सपनों की किरचें आँखों में चुभती हैं।
कदम बढ़ते हैं मगर मन थमता नहीं,
हर मोड़ पर थकी हुई साँस रुकती है।
कभी रिश्तों का भार, कभी उम्मीदों का,
हर सुकून भी अब ज़िम्मेदारी बनती है।
ज़िन्दगी… हाँ, अब एक सफ़र नहीं रही,
बस एक राह है — जो चुपचाप कटती है।
'अंजुम'

*****

गर्ज़-परस्ती में इंसान के किरदार बदलते देखे हैं,
ज़रा-सी बात पर लोगों के हक़दार बदलते देखे हैं।
जहाँ सच्चाई थी, वहाँ अब दिखावा है बस,
हमने नक़ाबों के पीछे संसार बदलते देखे हैं।
वफ़ाओं की किताबें अब धूल खा रही हैं,
हमने अरमानों के बाज़ार बदलते देखे हैं।
जो कल तक वफ़ा की मिसाल थे दुनिया में,
आज उन्हीं के इश्क़ के इज़हार बदलते देखे हैं।
रिश्तों की गरमी अब ठंडी सी लगती है,
हमने मौसम नहीं, अब घर-बार बदलते देखे हैं।
हर शख़्स मुखौटे में, हर चेहरा दोराहे पर,
अंजुम, हमने वक़्त के साथ यार बदलते देखे हैं।
'अंजुम'

*****

परत दर परत नींद जमती गई जाग जाग कर साँस थमती गई

ख़्वाब टूटा तो एहसास जागा नया रात ढलती गई, बात थमती गई

कुछ अधूरी हसरतें थीं दिल में वक़्त आया तो वो भी रमती गई

तेरी यादों की बारिश थी ऐसी भीग कर रूह तक नमती गई

हमने सोचा न था यूँ कभी 'अंजुम' ज़िंदगी भी ग़ज़ल सी बनती गई

*****

जब भी लगता है उनका इकरार-ए-मुहब्बत, वो लम्हा मृगतृष्णा बन जाता है
दिल में उठती है कोई हल्की सी लहर पर किनारा वीराना बन जाता है
नज़रों में जो चमक है उनकी यादों की वो भी धीरे-धीरे धुआँ बन जाता है
हर बार उम्मीदों का सूरज उगता है मगर अंधेरा अफ़साना बन जाता है
लबों पे नाम है, दिल में अरमान वही मगर हर ख़्वाब बेगाना बन जाता है
'अंजुम' अब तो यही सच समझ लीजिए वो रिश्ता भी अफसाना बन जाता है

*****

ज़माना मयकशी का इल्ज़ाम देता है,
इस राह पर क्यूँ आया — कभी नहीं पूछता।
मैं अपने ज़ख़्म हँसी में छुपा के चलता हूँ,
मगर कोई भी मेरे हालात नहीं समझता।
वो जो कभी मिरी तन्हाइयों में रक़्स किया,
अब गैरों की महफ़िल में मुझ पे हँसता।
हर बार दर्द को मैंने कलाम में ढाला,
मगर कोई भी मेरी सदा नहीं सुनता।
'अंजुम' ये दिल भी अजब सरकश मुसाफ़िर है,
गिरता है, उठता है — फिर भी नहीं रुकता।

*****

आँखों ने जो बात कहनी थी, होंठों ने छुपा ली,
थोड़ी सी नाराज़गी, थोड़ी सी बेक़रारी,
अजीब सा ये खेल था, दिल मचलकर भी ख़ामोश रहा,
हर एक पल में, बस एक तेरा ही सुरूर बहता रहा,
गुस्ताखियों का सिलसिला बदस्तूर चलता रहा।
तेरी मुस्कान पर हर बार दिल हार बैठे,
फिर से कोई नई शरारत का इरादा कर बैठे,
कभी मानना, कभी रूठना, ये ही तो अपनी कहानी है,
रिश्ते की इस डोर में, एक अटूट सा नूर बहता रहा,
गुस्ताखियों का सिलसिला बदस्तूर चलता रहा। 'अंजुम '

*****

हिज्र का ख़ौफ है या तन्हाई का डर
अजब सा आलम ए बदहवासी है
करीबियों में दूरियाँ भी जाहिर हैं
फिर भी धड़कनों में इक उदासी है
नज़रों में बस धुंधले से मंज़र हैं,
ख़्वाबों में अब न वो चमक बाकी है।
लबों पे नाम तेरा आता तो है,
पर दिल में पहले-सी वो बात बाकी है।
वक़्त ने रुख़ बदला तो हाल भी बदला,
अब हर खुशी भी कुछ उदासी है।
मिलन की चाह में बिखर गए जज़्बात,
हर साँस में तेरी तलाश बाकी है।
रूबरू मुलाक़ात तो दिल की हसरत है
धड़कन बन के रह गए इक एहसान से
मगर "अंजुम" को अब भी उम्मीद है,
कहीं न कहीं तू ज़रूर बाकी है।

*****

खूब सज-धज के घर से चल दिए
फुर्सत के चंद पल जो पा सकूँ कहीं
दुनिया के बाज़ार में हर तरफ पाई
बस भावशून्य भागम-भाग दौड़धूप
बदहवास चेहरों पर कहीं सुकूँ नहीं
अफरा तफरी के माहौल नज़र आए
कहीं जीने की चाहत नहीं, जनूँ नहीं
दौलत की चकाचौंध में सब चल रहे
दिल की खुशियाँ कर के खूँ कहीं
भीड़तंत्र ने धकेल कर गिरा दिया
रौंदा गया न जाने 'अंजुम ' कहीं

*****

खंडहरों के पास आकर तो देखो
खौफ का पर्दा हटाकर तो देखो
वहां पसरे सन्नाटे भी जवाब देंगे
उनमें आवाज़ लगा कर तो देखो
हां,थी किसी रोज, अब नहीं लगती
तन्हाई अब तो बोझ नहीं लगती
दर्द छिपाए ख़ुद पर एहसान किया
'अंजुम ' हर बात सोज़ नहीं लगती

*****

न रूठने का हक है, न टूटने की इजाज़त —
तेरे इश्क़ ने दी है मुझे बस हिरासत।
न छूटने का हक है, न तोड़ सकूँ ज़ंजीरें,
तेरे नाम से जुड़ी है मेरी हर हिरासत।
तेरी नज़रों में उलझा है मेरा हर ख़्वाब,
तेरे होंठों पे ठहरी है बस मेरी हिरासत।
तेरी खामोश निगाहों में जो राज़ छुपे,
उन्हीं राज़ों में कैद है इक मेरी हिरासत।
न साँसें मेरी हैं, न धड़कनें मेरी अपनी,
तेरी चाहत ही बन गई अब मेरी हिरासत।
'अंजुम' की तन्हाई भी तेरे दम से है
आबाद, तेरी मोहब्बत ही है उम्रभर की हिरासत।

*****

मौन अनंत का द्वार है

मौन अनंत का द्वार है,
जहाँ शब्द भी मान हार जाते हैं,
जहाँ ध्वनियाँ स्वयं में विलीन होकर,
शून्य में सत्य का रूप धार जाते हैं।
मौन में छिपा है जीवन का संगीत,
जिसे कान नहीं, आत्मा सुन पाती है।
यह गूंज नहीं, यह स्वर नहीं,
बस अस्तित्व की निस्तब्ध गाथा गाती है।
मौन में ही मन का दर्पण साफ़ होता है,
विचारों का कोलाहल क्षीण होता है।
भीतर का शाश्वत प्रकाश जाग उठता है,
और आत्मा अनंत में विलीन होता है।
इसलिए मौन से डरो नहीं, उसे अपनाओ,
यह तप नहीं, यह थकान नहीं,
यह तो अमर शांति का सागर है,
मौन सच में अनंत का द्वार है।

'अंजुम '

*****

मृत्यु अंत नहीं, अनंत का प्रमाण है,
जीवन के रहस्य का यही विधान है।
क्षणभंगुर देह मिल जाए मिट्टी में,
आत्मा का प्रवाह असीम आनंद समान है।
यह सिर्फ़ परदा है, मंज़िल नहीं कोई,
राह बदलती है, रुकती नहीं कोई।
जन्म से मृत्यु तक यात्रा का विराम है,
मृत्यु से आगे अमरत्व का आयाम है।
मृत्यु का मौन भी संदेश सुनाता है,
जीवन से परे सत्य दिखलाता है।
यह अंधकार नहीं, दीप का ज्ञान है,
मृत्यु अंत नहीं, अनंत का प्रमाण है।
बिखरकर भी अस्तित्व कभी मिटता नहीं,
सागर में मिलकर बूँद रुकता नहीं।
हर प्राण का यही अनश्वर गान है,
मृत्यु अंत नहीं, अनंत का प्रमाण है।
'अंजुम '

*****

सागर की ख़ामोशी को बेजा न समझ,
ये तूफ़ाँ का आलम है, सौदा न समझ।
जो लहरों में छुपता है सीने के साथ,
उसे सिर्फ़ पानी का दरिया न समझ।
कभी मोती बिखरते हैं दामन में इसके,
कभी ज़हर का जाम है, प्याला न समझ।
ये खामोश चेहरे पे रखता है नक़ाब,
मगर दिल का आलम तू चेहरा न समझ।
सुना है चुप है तो बेजान होगा 'अंजुम '
ये ख़ामोशी तूफ़ान से कमतर न समझ।

*****

किसी मोड़ पर मिल ही लेंगे तुझ से
झूठा ही सही मगर उसका इकरार तो है
अश्क बनकर आँख से निकल न जाए
उस सपने पर मुझ को यह एतबार तो है
दर्द छिपाए पर उसको निकाला नहीं
उसका मेरे दिल पर यह इख्तियार तो है
हक़ीक़त ये कि खिजाँ चमन में हावी है
फिलहाल आने को बेताब बहार तो है
वफाओं का यह सिला पाया है अगर
ज़ुबान से न माने मगर शर्मसार तो है
अदाओं से, इशारों से लुटाए जलवे
बेशक वो इक बेकसूर कलाकार तो है
तस्सवुर में ही सही कोई वफादार तो है
तदबीर न सही ख्वाबों की इंतज़ार तो है
सहराओं में भटक रहा कहीं बयार तो है
मगरूर हूँ कोई मिलने को बेकरार तो है
फलक पर इक अजब सी घुटन है छाई
वफा के बादल बरसने के आसार तो है
बेसबब होती नहीं रुसवाईयां 'अंजुम '
हर अफसाने का कोई आधार तो है

*****

अंतर्द्वंद है चल रहा अस्तित्व का वर्चस्व का
सत्य का असत्य से कुछ मृतक कुछ मृतप्राय
सिसकियाँ लेती आशाओं का मरी हुई चाहतों का
कंधे पे लाश ढोती अपनी छटपटाती साथी चाहतों का
या फिर टूटी उम्मीदों से कुछ राहतों का
सहनशील रहकर स्वयं पर किये अत्याचारों का
और भूले विचारों का अंतर्द्वंद है चल रहा
प्रत्युत्तर न देकर तलवार से तीखे शब्दबाण के वारों का 'अंजुम '

*****

चुस्की से पियो हिचकी नहीं आती

चुस्की से पियो, हिचकी नहीं आती,
महफ़िल में फिर वो रुसवाई नहीं छाती।
साक़ी की निगाहें भी मुस्कुराने लगतीं,
जब जाम की रवानी बेअदब नहीं जाती।
हौले-हौले सुरूर भी दिल को सहलाता,
तेज़ी से पियो तो नशा सर पे चढ़ जाती।
ज़िंदगी भी जाम की मानिंद है "अंजुम",
आहिस्ता पियो तो मिठास रह जाती।

*****

रंजिशें हैं अगर दिल में तो खुलकर गिला करो,
छुप-छुप के आहें भरने से तो बेहतर है मिला करो।
बातें अधूरी छोड़ के मत बढ़ो यूँ फासलों में,
जो कहना है कह दो, नफ़रत न पलो साँसों में।
दिल का बोझ उतार दो लफ़्ज़ों के सहारे से,
रिश्ते सँवरते हैं सच्चे इकरार के इशारे से।
ग़म को दबाना ज़हर है, चुभता है रगों में,
सुकून वही पाए जो सच बोले नग़्मों में।
खुदा ने दिल दिए हैं महज़ धड़कने के लिए,
नफ़रत नहीं मोहब्बत के रंग भरने के लिए।
तो आओ रंजिशों को मिटाएँ, ग़मों को जला करो,
अगर दिल में है शिकवा तो खुलकर गिला करो।
'अंजुम '

*****

दौर ए खुदगर्जी है वो बेकसूर है यूँही उम्मीद के दिए जलाए बैठा हूँ
होंगे इक बार तो मेहमान वो मेरे दिल की महफ़िल सजाए बैठा हूँ
कतरा कतरा देखा पिघलता आसमान फलक पे तारों को लुटाए बैठा हूँ
वो आएँ और मेरा मकान न दिखे गली में भी शमा जलाए बैठा हूँ
कहीं भटक न जाए मेहमान मेरा राह पर नज़रें जमाए बैठा हूँ
धड़कनें दर्द की दास्तान न कह दे तड़प अपनी छिपाए बैठा हूँ
'अंजुम ' से ठोकर न खाए कोई खुद को राहों से हटाए बैठा हूँ

*****

सच किसी ने डराया नहीं होता झूठ का कोई पाया नहीं होता
रोशनी दिल में जगमगाती रहती अँधेरों का साया नहीं होता
अगर हर लफ़्ज़ आईना होता फरेब का सरमाया नहीं होता
राहें सबको सुकून देतीं सफ़र ने डराया नहीं होता
हर रिश्ता पाक रह जाता गर दिल में माया नहीं होता
‘ अंजुम’, दुनिया और होती गर सच को भुलाया नहीं होता

*****

अँधेरे में साए को दूर होते देखा है,
रौशनी में उसे मजबूर होते देखा है।
जब ख़्वाबों के शहर में चिराग़ जलते हैं,
सच का झूठ के आगे सिर झुकते देखा है।
हर सुकून की राह में काँटे बिछे पाए,
हर हँसी के पीछे आँसू बहते देखा है।
जो अपने थे, वही अनजान बन बैठे,
रिश्तों को समय का दर्द सहते देखा है।
मगर उम्मीद की लौ को बुझने न दिया,
तूफ़ानों में भी दिल को धड़कते देखा है।
'अंजुम'

*****

मेरी इस चाहत को दरकिनार न कर
मुहब्बत के दो अल्फाज़ ही दरकार हैं
हसरत लिए दिल देखता है तेरी जानिब
कह दो जो दिल में ज़रा सा प्यार है
कभी तो गले से लगा लेगा हमें
उस हसीन लम्हे का इंतज़ार है
इक अरसे से तेरी खुशबू नहीं मिली
'अंजुम' इक यही इलाजे बीमार है

*****

ढलती साँझ हूँ, गहराते अँधेरे से डरती हूँ
दिनभर के उजालों की थकी सी मुसाफ़िर हूँ,
कुछ अधूरे ख्वाबों की परछाई में बिखरती हूँ।
रंग थे कभी मेरे भी, सुरमई धूप की तरह,
अब बस यादों की राख़ हूँ, हल्की सी ठिठरती हूँ।
कभी प्रेम में भीगी, कभी आँखों से बरसी,
अब खामोशी की भाषा में हर साँस लिखती हूँ। 'अंजुम '

*****

सिकुड़ जाती है दुनिया
इक माँ के चले जाने से
हर नाज उठाती थी वो
अब दिल भरा खाने से
हँसी किसे कहते हैं
तरस गया मुस्काने से
लब सिल गए हैं जैसे
ज़ुबाँ बंद है जमाने से
गाली भी दुआ होती थी
रुकते न थे हम सताने से
रूठ जाती थी झूठ मूठ
चूमती गले लग जाने से
वजह ढूँढता हूँ जीने की
'अंजुम ' खोया टूट जाने से

*****

काफ़ी तन्हा हूँ
तन्हा ही मैं काफ़ी हूँ
जो तन्हा हूँ तो तन्हा हूँ
जो तन्हा हूँ तो काफी हूँ
नहीं है साथ साया भी
अंधेरों में भी काफी हूँ
खड़ा हूँ भीड़ में लेकिन
खुद में भी मैं काफी हूँ
हवाओं में है शोरो गुल
अपनी सदा में काफी हूँ
फलक पे है हुजूम तारों का
'अंजुम ' चमक में काफी हूँ

*****

फक्त दो अल्फाज ही निकले थे मगर
ख्याल आते रहे मैं लिखता चला गया
ज़िन्दगी फिर दूर रहकर मुस्कुराई ऐसे
वफात की आगोश में मिटता चला गया
कोई शिकवा शिकायत नहीं ज़िन्दगी से
जो भी राह में मिला मिलता चला गया
कुछ उसूल पर कायम रखी थी चाहतें
जीने के लिए सब से फिरता चला गया
इतना भी आसान न था जीना 'अंजुम'
गिरते पड़ते उसी राह पे चलता चला गया

*****

सवालों के जंगल में भटकता रहा
जवाबों की पगडंडी मिली ही नहीं
मैंने खुद को बाँट दिया हर किसी में
पर मुझे मेरी हस्ती मिली ही नहीं।
अब सोचता हूँ जोड़ लूँ वो टुकड़े फिर ,
शायद कोई तस्वीर बन जाए
मेरे वजूद का खोया हुआ रंग
किसी नए सवेरे में ढल जाए।
'अंजुम'

*****

"क्यों आया हूँ?"

कभी सोचा — क्यों आया हूँ?
क्या बस जीने को ही पाया हूँ?
हर दिन भागते पैरों से
क्यों खुद को ही मैं छिपाया हूँ?
बचपन में सपने थे प्यारे,
पर बड़े हुए तो सब लगने लगे हारे।
भीड़ में दौड़ते-दौड़ते
क्या मैं खुद को ही तो नहीं हारे?
हर मुस्कान के पीछे प्रश्न छिपा है,
हर जीत में कुछ अधूरापन छिपा है।
क्या यही है जीवन की राह?
या अब भी बाकी है कोई करामात?
आत्मा पूछती है — क्या तुझमें आग है?
या तू बस एक आदत का भाग है?
तू क्यों जिंदा है, ये जान लेना,
जीवन जीने से कहीं ज़्यादा है जीवन को पहचान लेना।
अब ठहरकर खुद से मिलना चाहता हूँ,
सिर्फ़ सांस नहीं, एक अर्थ जीना चाहता हूँ।
शायद यही उद्देश्य है इस जीवन का —
अपने भीतर के मौन में खुद को सुनना।
'अंजुम '

*****

ख़्वाब और ख़याल दोनों ऐसे मिल गए हैं
रात की तन्हाई में जैसे सितारे खिल गए हैं।
कभी लगता है ये बस दिल की सरगोशियाँ हैं
कभी लगता है ये हक़ीक़त की आहटें हैं।
आँखें बंद करूँ तो चेहरा सा नज़र आता है
आँखें खोलूँ तो वही रूह में उतर जाता है।
पलकों के साये में उम्मीदें जागती हैं
ख़ामोश साँसों में हसरतें महकती हैं।
ये तय कर पाना मुश्किल है हर बार
कि ये ख़्वाब है या ख़याल का इज़हार।
दिल की गहराइयों में दोनों एक हो गए
ख़्वाब और ख़याल—एक रंग हो गए।

*****

ज़िन्दगी तू रूठ जाती है अक्सर
मैं मनाता ही रहता हूँ तुझे टूटकर
कभी माँ को खोया, वही ज़िन्दगी
फिर बाप खोया घनी छाँव मेरा
न रख पाया उसे मैं पकड़कर
ज़िन्दगी तू रूठ जाती है अक्सर
दोनों के दरम्यान ऐसा भी होगा
मैं रूठ जाऊँ तुम से बिछड़ कर
मनाना चाहोगी मुझे ढूँढ कर
न मिलूँगा 'अंजुम ' तुझे इधर-उधर
ज़िन्दगी तू रूठ जाती है अक्सर मैं मनाता ही रहता हूँ तुझे टूटकर।

*****

थक चुके हैं रास्ते, मंज़िल भी कुछ थकी-सी है,
ज़िन्दगी की दौड़ अब पहले-सी कहाँ रही-सी है
आँख में छुपा हुआ ज़ख़्म कोई पढ़ न सका
मुस्कुराहटों की ओट में इक चीख़ दबी-सी है
हमने चाह की उम्र भर सींचा था ख़ुलूस से
फिर भी दिल की बाग़ में वीरानी खड़ी-सी है
लौटकर नहीं आया कोई भी पुकार से
रूह तक की दहलीज़ पर तन्हाई पड़ी-सी है
धुंध के किनारों पर यादें भी काँपने लगीं
रात की जहालत में हर परछाई सघन-सी है
लोग अपनी मर्ज़ी से रिश्ता निभा गए
मगर हम पे हर रवायत जैसे ज़ंजीर चढ़ी-सी है
'अंजुम '

*****

कितने सपने दफ़न किए कितने अरमान जलाए हैं
आँखों में खाब चुभते रहे पर तेरे तो खाब सजाए हैं
अपने काँटों की चुभन भूला तेरी राह में फूल बिछाए हैं
कितना है तू बेवफा 'अंजुम ' बाग़बां के एहसान भुलाए हैं

*****

अश्कों से मेरी तकदीर लिखी
तेरे चेहरे पे मुस्कान मुबारक
हम बेगैरत होकर जी लेंगे
तुम्हें तुम्हारी शान मुबारक
डंका बजे तुम्हारा जगत में
मुझे मेरा अपमान मुबारक
इल्ज़ाम ए अहसान फरामोश दिया
तुझे तेरा एहसान मुबारक
सुपुर्द ए खाक हुआ तो क्या
"अंजुम" तुम्हें आसमान मुबारक

****

बाज़ औकात मुसाफ़िर राह भटक जाते हैं,
हर राही मंज़िल पा जाए यह जरूरी तो नहीं
कुछ नाखुदा बीच मंझधार में भी छोड़ देते हैं,
कश्ती को साहिल मिल जाए यह जरूरी तो नहीं
कुछ लोग ज़माने में बेवफा भी होते हैं,
यारो हर कोई साथ निभाए यह जरूरी तो नहीं
अमूमन हर बशर गर्ज़ परस्त ही होता है,
तुम्हें अलगर्ज़ मिल जाए यह जरूरी तो नहीं
माना तू अपने किए पर शर्मिन्दा है
बहुत वह भी शर्मसार हो जाए यह जरूरी तो नहीं
ताल्लुक के लिए तार्रुफ़ नहीं करते हैं
सब दिल से दिल भी मिल जाए यह जरूरी तो नहीं
कुछ लाशें जहाँ से नंगी भी उठती है
सुमन सब को कफ़न मिल जाए यह जरूरी तो नहीं। 'अंजुम '

*****

*काँच के टुकड़े *

आंखों में कांच से चुभते हैं कुछ सपने ऐसे ही होते हैं
नकली मुस्कान लिए चेहरे पे हम भीतर भीतर रोते हैं
होंठों पर हंसी जो खुल के आए नामालूम वो पल कैसे होते हैं
यादें क्यों ले जाती हैं माजी में हर पल पिछले कल को ढोते हैं
चल दिया लहरों में छोड़ सफ़ीना कुछ नाखुदा बेवफा भी होते हैं
सब सुमन की न माला बनती कुछ पैरों तले भी तो होते हैं
सलामत रहो ऐ दुनिया वालो अब हम कब्र में चैन से सोते हैं 'अंजुम '

*****

बीते कल की यादें बहुत सताती हैं
साथ अपने आज भी ले जाती हैं
हम आज में जीना भी चाहें तो
माज़ी के मंज़र में तड़पाती हैं
उन से धोखा भी खाया था
फिर भी ख्यालों में उन्हें ही ले आती हैं
सोचा था ताल्लुक रहेगा जिन्दगी भर
वो टूटे हुए सपने हैं यह समझाती हैं
कांच की मानिंद चुभते हैं
सपने आंखें पलकों में अश्कों को छुपाती हैं

*****

कच्ची गलियों में दौड़ता साया घुटनों की चोट, माँ का हुनर,
फूँक में सिमट जाती थी पीड़ा आँचल था पूरा का पूरा असर।
कभी स्कूल की घंटी बजती कापी में कैद होते ख़्वाब,
रास्ते छोटे, शामें लम्बी जेब में सिक्के, आँखों में आब।
यादों का ये जंगल भी क्या है छाँह भी देता, करता है डर,
जिस मोड़ पे ठहर कर देखूँ खुद से मिलता हूँ हर पहर। 'अंजुम '

*****

घुटन और ख़ामोशी

ख़ामोशी की एक परत ओढ़े बैठा हूँ,
बोल सकता हूँ, पर क्या कहूँ?
हर शब्द जैसे अपनी ही दीवारों से टकराता है,
और लौट आता है — बेजान, थका हुआ।
भीतर एक कोलाहल है, जिसे कोई सुन नहीं सकता।
चेहरे पर शांति है, पर मन में तूफ़ान है जिसका कोई किनारा नहीं।
घुटन —
वो चीख है जो बाहर नहीं आती,
वो आंसू हैं जो आँखों तक नहीं पहुँचते,
वो बोझ है जो दिल से उठाया नहीं जाता,
और ख़ामोशी —
उसका सबसे प्रिय रूप।
लोग पूछते हैं — "सब ठीक है?"
मैं मुस्कुरा देता हूँ,
क्योंकि समझाना थक चुका हूँ,
और समझने वाला कोई रहा नहीं।
शब्दों से परे एक दुनिया है,
जहाँ हर साँस एक संघर्ष है,
जहाँ हर मुस्कान में एक दरार है,
और हर चुप्पी में —
एक कहानी दबी है।
कभी सोचा है,

कि सबसे ज़्यादा बातें वो करते हैं
जो भीतर से सबसे ज़्यादा खाली हैं,
और जो बिल्कुल चुप हैं,
शायद वही — सबसे ज़्यादा टूटा करते हैं।

*****

स्वयं की खोज — कौन हूँ मैं?

कौन हूँ मैं, यह प्रश्न पुराना,
पर उत्तर इसका अब भी अंजाना।
दर्पण में देखूँ, चेहरा है मेरा,
पर उस चेहरे के पीछे कौन बसेरा?
नाम मिला, पहचान बनी,
भीड़ में चलती, जैसे कोई धुन सुनी।
पर भीतर गूंजे एक मौन सवाल,
क्या यही हूँ मैं — ये ही मेरा हाल?
मैं विचार हूँ, या भावना की धार?
क्षणिक लहर, या सागर अपार?
शब्दों से गढ़ा, या मौन में खोया?
किसी स्वप्न का अंश, या सत्य का संजोया?
मैं उन राहों का राही भी हूँ,
जो कभी चले ही नहीं,
मैं उन साँसों की चाहत भी हूँ,
जो किसी पल में सजीव बनी।
कभी प्रश्न हूँ, कभी उत्तर अधूरा,
कभी नींद में सपना, कभी आँखों में नूरा।
मैं खोज हूँ, मैं प्यास भी हूँ,
मैं खुद में ही एक आस भी हूँ।
तो कौन हूँ मैं? शायद चल रहा एक गीत,
जो खुद ही सुनता, खुद ही रचता,
हर पल नया, हर क्षण अजीत।

'अंजुम'

*****

"मैं खुद से मिला"

चल पड़ा था भीड़ के साथ,
हर मोड़ पे बदली मेरी बात।
चेहरे बदलते, राहें भी नईं,
पर खो गया मैं, अपनी ही कहीं।
एक दिन थम के देखा पलट,
आवाज़ आई — "क्या पाया, क्या गवांया चलत?"
आईना नहीं, मन था सामने,
सवाल वही थे जो दफ़न थे अंधेरे तहख़ाने।
मैंने पूछा — "कौन हूँ मैं?"
"इन नामों से परे, इस तन से तन्हा?"
एक ख़ामोशी गूंज उठी भीतर,
बोल पड़ा दिल — "तू ही है सबसे बड़ी किताब बेअसर।"
भूल गया था मैं अपनी धड़कन,
कभी जो ख्वाब थे, हुए आज अनजाने मन।
फिर उठा कलम, लिख डाली दास्तां,
खुद से मिलने की वो पहली दास्तान।
अब हर सुबह, कुछ देर खुद में डूब जाता हूँ,
भीतर के सागर में चुपचाप उतर जाता हूँ।
जो जवाब दुनिया ने न दिए कभी,
वो अपने ही सन्नाटों में पा जाता हूँ।

*****

खिलौने सजा रखे हैं
गुफ़्तगू की मेज़ पर
बात ज़रा दोहराओ तो
मुस्कानें चुपचाप हवा में घुल जाती हैं
होंठों से पहले आँखें सुन लेती हैं सब
और हर अधूरी बात पर खिलौनों की तरह
हँसी धीरे से टूटकर बिखर जाती है
खिलौने ख़ामोश हैं और मुझे टोकते नहीं
मेरी बातों के बीच कहीं भी नहीं आते
मैं जो कह न सका वो भी सुन लेते हैं
और बिना कुछ पूछे मेरी चुप्पी को
हथेलियों में रखकर धीरे से संभाल लेते हैं
खिलौने खुलकर बात करते हैं
मुझे अपना राज़दार समझते हैं
मेरी हथेली पर रख देते हैं अपने अनकहे डर
मैं कुछ कहूँ या न कहूँ उन्हें फ़र्क़ नहीं पड़ता
मेरी ख़ामोशी में भी वे भरोसे की
हल्की सी धड़कन सुन लेते हैं

*****

नमोशी और खामोशी

नमोशी की कोई आवाज़ नहीं होती,
पर उसकी उपस्थिति मन को झुका देती है।
जैसे कोई फूल, जिसकी ख़ुशबू बिना बोले
हवा में इज़्ज़त घोल देती है।
खामोशी कुछ कहती नहीं, फिर भी बहुत कुछ सुना जाती है।
वो शब्दों से नहीं, नज़रों, सांसों और
अहसासों से बातें कर जाती है।
नमोशी को लोग अक्सर कमज़ोरी समझते हैं,
पर वो वही ताक़त है जो तूफ़ानों के सामने भी
सर झुकाकर खड़ी रहती है।
खामोशी को लोग डर समझ बैठते हैं,
पर कभी किसी की चुप्पी में झाँको —
वहाँ एक पूरी दुनिया रो रही होती है, या कभी-कभी…
खुद को समेट कर मजबूत बन रही होती है।
नमोशी वह दीपक है जो खुद जलकर
औरों को रास्ता दिखाता है,
बिना यह कहे कि उसने क्या खोया।
खामोशी वह दरिया है जो गहराई में बहता है,
बिना किसी शोर के अपनी दिशा तय करता है।
जब नमोशी और खामोशी एक साथ किसी इंसान में बस जाएँ —
तो वह व्यक्ति ना ऊँचा बोलता है, ना ऊँचा दिखता है,
पर उसकी ऊँचाई को समझने में ज़िंदगी लग जाती है।

*****

"माँ की ख़ामोशी"

सुनसान रात की चुप्पी में,
जब सारी दुनिया सो जाती है,
एक साया अब भी जागता है —
माँ की ख़ामोशी कुछ कह जाती है।
न उसकी आँखों में शिकायत होती,
न होठों पर कभी थकान दिखी,
हर आँसू को पी लिया उसने
जैसे वो भी कोई सज़ा थी सही।
चूल्हे की राख में जो जलते ख्वाब थे,
कभी बच्चों की भूख में ढल गए,
कभी पिता की तनख्वाह बनकर,
किचन के कोने में पल गए।
उसके सपनों की उम्र नहीं होती,
वो हर उम्र में सिर्फ़ 'माँ' रहती है,
अपनी पहचान को ओढ़कर,
हर चेहरे में सिर्फ़ परछाई रहती है।
जो कभी स्कूल की घंटी बनती थी,
तो कभी बुख़ार की दवा बन जाती,
रातों को नींद से सौदा कर
ताकि बच्चे मीठी नींद में मुस्कराते।
वो कविता नहीं, एहसास है,
शब्दों से परे एक संवाद है,
माँ को समझना हो अगर
तो मौन में उतरना अनिवार्य है।

*****

"जो कभी माँ थी, अब सब कुछ है"

जिस दिन मैं टूटा था भीतर से,
एक आवाज़ आई थी — "मैं हूँ न..."
वो न भगवान थी, न कोई फ़रिश्ता,
बस मेरी माँ थी, और उसी में सब कुछ था।
उसकी गोद में सर रखकर,
जैसे सारा ब्रह्मांड स्थिर हो जाता,
उसके आँचल की छाँव में
हर दुःख जैसे सिर झुका जाता।
मैंने देखा है उसे —
खुद को बाँटते हुए रोटियों में,
नींद उधार रखती थी वो,
ताकि मैं ख़्वाब पूरे कर सकूँ रातों में।
उसने कभी खुद के लिए कुछ नहीं माँगा,
न सोने के ज़ेवर, न भारी साड़ियों के रंग,
बस बच्चों की हँसी का उजाला ही था
उसका सबसे महँगा संग।
उसके पैरों में पड़ी दरारें
शायद धरती की थकान से गहरी हैं,
और फिर भी वह चलती जाती है,
जैसे उसकी रगों में सिर्फ़ करुणा बह रही है।
जब सबने मुझे छोड़ दिया था,
वो अकेली थी जो मेरी चुप्पी से बात करती थी,
उसकी आँखें आँसुओं की भाषा जानती थीं,
और दिल... बिना शब्दों के मेरी हालत समझती थी।

कभी उसका नाम नहीं लिखा मैंने कविताओं में,
क्योंकि वो हर शब्द में रहती है,
वो कविता की आत्मा है —
जो हर बार खुद मिटाकर, मुझे रचती है।

*****

"पिता का मौन"

छाँव बनकर चलते रहे, धूप को सीने में छुपा लिया,
हँसी बाँटी सबको, और आँसू ख़ामोशी में पी लिया।
माथे की सिलवटें गवाही देती हैं हर रात की थकान की,
पर चेहरे पर मुस्कान वही — जैसे हो कोई पर्व महान की।
कभी कुर्ते की जेब में फटी रसीदों का हिसाब रहा,
कभी बच्चों के खिलौनों में ही उनका ख्वाब रहा।
कंधों पे बोझ नहीं, फ़र्ज़ उठाए थे उन्होंने,
हर सांस में सिर्फ़ परिवार के नाम लिखे सपने बोए थे उन्होंने।
जब भी थके, कभी दिखाया नहीं, बस चलते रहे,
और हम सोचते रहे — पिता तो बस सख़्त होते हैं।
कभी उनकी आँखों में झाँक के देखो,
वहाँ भी नमी होती है —
बस वो आँसुओं को मर्यादा का नाम दे देते हैं।

*****

"पापाजी, आप अब भी पास हैं"

चले गए आप — मगर
हर सुबह की रौशनी में अब भी
आपके पैरों की आहट सुनता हूँ,
जैसे नींद में कोई कह जाता है,
"बेटा, उठ जा… देर हो जाएगी…"।
आप तो बस नाम भर के चले गए,
आपकी चप्पल आज भी दरवाज़े के पास रखी है,
जैसे आप अभी बाहर से आएँगे,
और कहेंगे — "ठंड है ज़रा चाय बना दे"।
आपकी खाँसी की आवाज़
अब भी दीवारों से टकरा कर लौटती है,
और मैं चौंक कर देखता हूँ —
पर वहाँ बस ख़ालीपन होता है।
पापाजी, आपने कभी गले नहीं लगाया,
पर आपकी हथेली की कठोरता
आज भी पीठ सहलाती है —
जब ज़िंदगी बहुत भारी लगती है।
आपकी चुप्पियाँ अब बोलती हैं मुझसे,
हर अधूरी बात में, हर अधूरे काम में —
आपका सपना बसा है,
जिसे अब मैं पूरा करना चाहता हूँ…

क्योंकि अब मैं वही बेटा नहीं,
अब मैं आपका प्रतिबिंब हूँ।
आप चले गए, पर एक पूरा ब्रह्मांड
मुझमें छोड़ गए।

'अंजुम '

*****

"थाली पर डाँट"

"खा क्यों नहीं रहा? ठंडा हो गया सब!"
हर बार ये सुनकर मैं बस मुस्कुरा देता था,
क्या बताता पापाजी... भूख तो आपकी आवाज़ से ही लगती थी।
थाली सामने रख खुद भूखे रह जाते थे,
और मेरी एक-एक रोटी गिनते रहते थे —
जैसे उसमें आपकी साँसें बसी हों।
"हर वक्त मोबाइल, कुछ खा भी लिया कर!"
वो डाँट नहीं थी, वो तो एक दुआ थी —
जो हर निवाले के साथ मेरे गले से उतरती थी।
अब थाली पर सन्नाटा है, और वक़्त की कुर्सी खाली।
कोई नहीं कहता — "दाल कम है, ले आ..."
अब जब भी अकेले बैठता हूँ खाने... आपकी आवाज़ कानों में गूंजती है।
पापाजी,
वो डाँट अब स्वाद बन गई है,
हर निवाला अब आपकी कमी में भीग जाता है।

*****

"चुप्पियों का शोर"

आँख नम हैं, अश्क पिए हुए।
लफ़्ज़ कम हैं, लब हैं सिले हुए।
हर सवाल दिल में दबा हुआ,
हर जवाब कहीं खोया हुआ।
हँसी के पीछे दर्द छुपा है, चेहरे पे नूर,
पर दिल रोया हुआ।
सुनने वाले बहुत हैं यहाँ,
पर समझने वाला कोई नहीं।
भीड़ में तन्हा चलते रहे,
अपने साए तक को रोए नहीं।
ख़्वाब जो आंखों में थे कभी,
अब धुंधले से लगते हैं।
जिनसे बातें थीं हर रोज़,
आज वो भी पराये से लगते हैं।
कुछ तो है जो टूटा है अंदर,
कुछ है जो अब भी जुड़ा नहीं।
जी रहे हैं बस यूँ ही रोज़,
पर ज़िन्दगी से कोई रिश्ता गहराया नहीं।
अंत में:
अब खुद से मिलने की तमन्ना है,
इन चुप्पियों को आवाज़ देने की चाह है।
कभी जो टूटा था वक़्त के साथ,
उसे फिर से जोड़ने की राह है।

*****

तसव्वुर में कई बार खुद को मरते देखा है
मौत के फरिश्तों से गुफ़्तगू करते देखा है
हर सांस में ज़िन्दगी का इक बोझ महसूस हुआ,
लबों पे हँसी थी पर दिल को डरते देखा है।
कभी ख़्वाबों में खुद से ही हिसाब लिया मैंने,
कभी जागते हुए भी आँसू झरते देखा है।
वो वक्त, वो लोग, वो किस्से सब धुँधले पड़े,
आईने में अपने वजूद को सिहरते देखा है।
कभी उम्मीद की लौ जली, कभी बुझी ख़ामोशी में,
हर दफ़ा सच को झूठ से झगड़ते देखा है।
"अंजुम" ये ज़िन्दगी भी इक सफ़र-ए-रहगुज़र निकली,
हर मोड़ पे ख़ुद को फिर से बिखरते देखा है।

*****

कभी खुलकर सीने से लगा लो मुझ को
ग़म ए जहान की तन्हाई से छुपा लो मुझ को
फिर चुपचाप कहीं भीड़ में गुम न हो जाऊँ
रख के पलकों में दुनिया से चुरा लो मुझ को
नाकाम हसरतों के जनाजे उठते हैं दिल में
इस वहशत ए हालात से बचा लो मुझ को
एक भटकी हुई बहार हूँ किसी गुलशन की
हो सके अपने चमन में सजा लो मुझ को
अब तो अपना साया भी डराता है अक्सर
हो सके तो इन उजालों से हटा लो मुझ को
मैं तो ख़ुद का भी कभी हो न सका अपना
हो सके तो तुम ही अपना बना लो मुझ को
पल भर को दिल की बात सुन लो 'अंजुम'
रूठ कर चाहे जितना भी सता लो मुझ को

*****

छोटी छोटी खुशियाँ
छोटे छोटे सपने
मिट गए शिकवे
मिल गए अपने
धूप सी मुस्कानें
छाँव सी बातें
जीवन के मेले में
बस अपने नाते
थोड़ी सी हँसी में
सारी थकान घुली
पलकों पे ठहरी
शामें भी धुली
न शिकवा न गिला
न कोई दूरी रहे
छोटी सी दुनिया में
बस बड़ी ख़ुशबू रहे

अंजुम

*****

अभी तो आया है होश मुझे
अभी तो मेरी आँख खुली है
फ़रेब था जो दिल में बसा
वो परत दर परत धुली है

जो ज़हर पिया था यादों का
वो अब तलक असर में घुली है
कभी जो आँसुओं में थी
वही हँसी अब फूल खिली है

सफ़र में ठोकरें मिलीं बहुत
मगर रूह अब भी भली है
'अंजुम' ये इश्क़ का फ़साना
नई सुबह सी फिर ढली है

*****

दबे हुए अरमानों की बस याद रह गई,
घुटे हुए जज़्बातों की फ़रियाद रह गई।
हर ज़ख्म मुस्कराकर छुपाया है हमने यूँ,
कि दर्द में भी अब कोई फ़रियाद रह गई।
वो वक़्त, वो लम्हे, वो बातें कहाँ गईं,
हर ख़्वाब के पीछे बस बरबाद रह गई।
अब ख़ुद से भी मिलना हुआ मुश्किल
ज़िन्दगी क्या थी, बस इक याद रह गई।
लब पे तो चुप्पियाँ हैं, दिल में शोर है
वही बात कह न पाए, वही बात रह गई।
हमने भी चाहतों के दिए खूब जलाए थे,
पर रौशनी में भी कोई अंधी याद रह गई।
'अंजुम '

*****

आँखों ने जो बात कहनी थी, होंठों ने छुपा ली,
थोड़ी सी नाराज़गी, थोड़ी सी बेक़रारी,
अजीब सा ये खेल था, दिल मचलकर भी ख़ामोश रहा,
हर एक पल में, बस एक तेरा ही सुरूर बहता रहा,
गुस्ताखियों का सिलसिला बदस्तूर चलता रहा।
तेरी मुस्कान पर हर बार दिल हार बैठे,
फिर से कोई नई शरारत का इरादा कर बैठे,
कभी मानना, कभी रूठना, ये ही तो अपनी कहानी है,
रिश्ते की इस डोर में, एक अटूट सा नूर बहता रहा,
गुस्ताखियों का सिलसिला बदस्तूर चलता रहा।
'अंजुम '

*****

यूँही नहीं सन्नाटे पसरे हर तरफ
कुछ तो है जो कहीं खल रहा है
इक अजब सी सिहरन लगी है
न जाने दिल में क्या चल रहा है
अंधेरे में भटक गए अरमान मेरे
कहीं उम्मीद का दिया जल रहा हे
शाम हुई साँस चुराए और अंत तक
कोई मेरे जज़्बात को छल रहा है
कोई राह धुंधलाई और लौट कर
कहीं पे दबे पाँव कोई चल रहा है
मेरे पहलू से उठकर जो चला गया
दूर रहकर कोई हाथ मल रहा है
'अंजुम '

*****

वो ज़माना और था
और ये ज़माना और है
सब को सब की फिक्र थी
सब का सब पे गौर था
वो महफ़िलों का दौर था
ये फुरकतों का दौर है
कभी मयस्सरों का दौर था
अब मुनस्सरों का दौर है
कभी खूबियों का दौर था
अब खामियों का दौर है
कभी हासिलों का दौर था
अब नाकामियों का दौर है
कभी गुलफामियों का दौर था
अब फांस बन के रह गए
कभी आँख का तारा थे
अब अश्क बन के बह गए
'अंजुम '

*****

उस मयकदे का रस्ता, कोई कैसे भूल जाए
राहे वफ़ा में बन कर, कोई अपना लूट जाए
इल्ज़ाम ए मयकशी का, है मजा ही कुछ निराला
हर इक ज़ुबाँ पे रख कर, दुनिया ने है सम्भाला
दर्दे जिगर से कुछ पल को, 'अंजुम' सकून पाए
उस मयकदे का रस्ता, कोई कैसे भूल जाए
गजब गफलत में सो गया था मैं
ऐ काश कोई आके मुझे नींद से जगाए
भटकते हुए ज़िन्दगी की राहों में
न जाने कहाँ आ गया 'अंजुम ',
ऐसा भी कोई हो जो मुझको मेरा पता बताए
कोई हमराह, हमराज़, हम-आग़ोश तो हो
कोई मुझे ऐसे मेरे यार से मिलाए
'अंजुम '

*****

बस घड़ी की सुइयाँ
समय को खींचती जाती हैं,
खिड़की से आती धूप
दीवार पर फीकी छाया छोड़ती है।
चेहरे पर कोई रंग नहीं,
न आँखों में कोई सपना।
तन्हाई अब बोझ नहीं—
सिर्फ़ एक आदत है।
'अंजुम'

*****

विचारहीन मस्तिष्क,
जहाँ शोर भी खामोश है,
वहाँ कोई सवाल नहीं, कोई जवाब नहीं,
बस रिक्तता का साम्राज्य,
जहाँ समय भी ठहर जाता है।
अंतर्मन में द्वंद,
जैसे छाया अपने ही रूप से लड़े,
जैसे आईना आईने से टकराए,
पर कोई प्रतिकार नहीं,
कोई विरोध नहीं, 'अंजुम '
न प्रतिरोध, न प्रतिशोध।

*****

पत्ते भी ज़र्द होने लगे
हवा भी सर्द होने लगी
मौसम भी अंगड़ाई ले ही रहा है
ठंडक भी दस्तक देने लगी है
न पतझड़ न फिज़ा रास आई
कहीं सुकून की आहट न पाई
न फिज़ा न ख़िजा कुछ रास

शाख़ों से झड़ने लगे अरमान,
ख़्वाबों पे बर्फ़ जमने लगी है,
सूरज भी धुँध में छुपकर,
रौशनी अधूरी देने लगा है।

कदमों तले सरसराहट है,
सन्नाटा गहरी तान छेड़े,
दिल भी कहीं सिमटने लगे,
यादों की चादर ओढ़ने लगी है।
'अंजुम '

*****

न रूठने का हक है
न टूटने की इजाजत
न छूटने का हक है
न तोड़ सकूँ हिरासत
न रूठने का हक है,
न टूटने की इजाज़त,
हर लम्हा कैद-सा है,
न मिलती कोई राहत।
न छूटने का हक है,
न तोड़ सकूँ हिरासत,
ये ज़ंजीरें गहरी हैं,
ये तन्हाइयाँ सख़्त।
ख़्वाब भी डरते हैं,
सपनों का सफ़र है सूना,
दिल में हलचलें हैं,
पर चेहरा है मज़बूर-सा।
ज़िंदगी एक कैदख़ाना,
जिसमें साँसें भी गिरवी हैं,
चुप्पियाँ बोलती हैं यहाँ,
जहाँ खामोशियाँ भी क़ैदी हैं।
क्या तुम चाहोगे
कि मैं इस क़ैद से निकल पाऊँ?
या फिर इन बेड़ियों संग
ख़ुद ही अपना वजूद निभाऊँ?
'अंजुम''

*****

सवालों के जंगल में भटकता रहा,
जवाबों की पगडंडी मिली ही नहीं,
मैंने खुद को बाँट दिया हर किसी में,
पर मुझे मेरी हस्ती मिली ही नहीं।
अब सोचता हूँ जोड़ लूँ वो टुकड़े फिर,
शायद कोई तस्वीर बन जाए,
मेरे वजूद का खोया हुआ रंग,
किसी नए सवेरे में ढल जाए।

'अंजुम '

*****

चुस्की से पियो, हिचकी नहीं आती,
महफ़िल में कभी रुसवाई नहीं आती।

साक़ी की अदाओं में जादू उतर आता,
निगाहों में उसकी तन्हाई नहीं आती।

शबनम की तरह गिरते हैं जाम के कतरे,
तेज़ी से पियो तो रौनक नज़र नहीं आती।

आहिस्ता चलो तो सफ़र भी हसीं लगता,
भागो तो किसी राह में ठहराई नहीं आती।

मदहोशी में भी रखो अंदाज़े-वफ़ा "अंजुम",
वरना मोहब्बत में सच्चाई नहीं आती।

*****

"टूटे फूल"

कभी हम पर भी शबाब था
खुद पर बहुत ही इतराते थे
हर आने जाने वाले लोगों को
अपनी अदाओं से लुभाते थे
क्या तितली और क्या भंवरा
चमन में दोनों हम पर मंडराते थे
फिर धीरे धीरे भर यौवन
जीवन का आनन्द लिया
फिर शाम हुई सब दूर हुए
अब मुरझाना निश्चित था
डाली से टूट कर सुमन का
धरती पे गिर जाना निश्चित था
इल्म नहीं था कि यह यौवन
कुछ पल रहने वाला है
शाखा से टूट कर यह तेरा
अस्तित्व मिट्टी में मिलने वाला है

'अंजुम '

*****

दर्द खुद पर इतराता क्यूँ है,
ज़िन्दगी को आज़माता क्यूँ है।
टूटे शीशे भी कभी थे दिल ये,
टूटकर भी फिर डराता क्यूँ है।
दिल के जख्मों पर लगी ये धूल है,
हर कोई इनको हटाता क्यूँ है।
प्यार की ये राहें लगती हैं कठिन,
इश्क़ में हर कोई आता क्यूँ है।
बातें भी तो सच नहीं लगतीं मुझे,
हर कोई फिर भी सुनाता क्यूँ है।
जब भी आता है नया कोई यहाँ,
याद पुराना दिलाता क्यूँ है।
ये भी सच है कि वो अब मेरा नहीं,
मेरा होने का जताता क्यूँ है।
‘अंजुम ‘

*****

दौर ए खुदगर्जी है वो बेकसूर है
यूँही उम्मीद के दिए जलाए बैठा हूँ
होंगे इक बार तो मेहमान वो मेरे
दिल की महफ़िल सजाए बैठा हूँ
कतरा कतरा देखा पिघलता आसमान
फलक पे तारों को लुटाए बैठा हूँ
वो आएँ और मेरा मकान न दिखे
गली में भी शमा जलाए बैठा हूँ
कहीं भटक न जाए मेहमान मेरा
राह पर नज़रें जमाए बैठा हूँ
धड़कनें दर्द की दास्तान न कह दे
तड़प अपनी छिपाए बैठा हूँ
'अंजुम ' से ठोकर न खाए कोई
खुद को राहों से हटाए बैठा हूँ

*****

मेरी हस्ती पर सवाल न कर
मेरी हालत का ख्याल न कर
तू अपनी मंज़िल हासिल कर ले
मेरे मिट जाने का मलाल न कर

तेरे कदम न डगमगाएँ कहीं
मेरे जख्मों का बवाल न कर
मैं तन्हा सफ़र का आदी हूँ
मेरे साथ चलने का ख्याल न कर

मेरे आँसुओं को कहानी न दे
मेरी ख़ामोशी का जाल न कर
'अंजुम', मैं राख से भी उठ जाऊँगा
तू मेरी चिता का उजाल न कर

*****

यही अंजाम होना था
यही अंजाम पाया है
निहायत बेज़ुबान हूँ मैं
यह इल्ज़ाम पाया है
कहीं कुछ बोल न पाया
कहीं खामोश ही रहकर
वहीं एहसास यह अपने
दिल से खोल न पाया
दो अल्फाज की खातिर
यह जिद थाम रखी थी
कि आगाज किस का हो
इसी पर सब लुटाया है
'अंजुम '

*****

ढलती साँझ हूँ, गहराते अँधेरे से डरती हूँ
दिनभर के उजालों की थकी सी मुसाफ़िर हूँ,
कुछ अधूरे ख्वाबों की परछाई में बिखरती हूँ।
रंग थे कभी मेरे भी, सुरमई धूप की तरह,
अब बस यादों की राख़ हूँ, हल्की सी ठिठरती हूँ।
कभी प्रेम में भीगी, कभी आँखों से बरसी,
अब खामोशी की भाषा में हर साँस लिखती हूँ।
'अंजुम '

*****

ढलती शाम और लम्बा सफ़र
और तन्हा ही आगे बढ़ना है
आगे गहन अंधेरे हैं तो क्या
पहली बार तो नहीं चलना है
दूर कहीं हल्की सी किरण और
उसको जा कर मिलना है
फिर फिर सुबह होगी ऐसे ही
फिर फिर शाम को ढलना है
कायर न बन उससे नज़र मिला
पहली बार तो नहीं मिलना है
बस यूँही हर जन्म डरता सुमन
पहली बार तो नहीं मरना है. |
'अंजुम'

*****

दुनिया की साजिशों का तो कोई गम नहीं
देखे जो भीड़ में अपने तो ऑसू निकल पड़े
हंसने की हसरतों पर बेहद हकदार थे हम
हैरत हुई साथ ग़मों के काफिले ही चल पड़े
बेशक तेरा मुस्तकबिल अव्वल था मेरे लिए
दोयम रहकर हम ख़ुशी से नीचे फिसल पड़े
दर्जा ए हरारत अब तो कम हुआ जाता है
इल्म नहीं कि कब जिस्म शोलों से जल पड़े |

'अंजुम

*****

हर अँधेरे में उम्मीदों का उजाला रखना,
ज़िंदगी है तो दिलों में हौसला रखना।
चल पड़े हो तो थकावट से न घबराना,
हर कदम पर अपने जज़्बों को पाला रखना।
मुस्कुराकर ही कठिन राहों को जीता जाता,
होंठ पर चाहे दर्द हो, पर निवाला रखना।
जो भी आए फ़सले-ग़म, डट के गुजर जाएँगी,
बस यक़ीं का अपने अंदर इक हवाला रखना।
ज़िंदगी रूठे तो समझा-बुझा के मना लेना,
और दिल में हर किसी के लिए उजाला रखना।
क़द्र करो उन लम्हों की जो मिलते जाएँ,
हर धड़कन में मोहब्बत का रसाला रखना।
'अंजुम '

*****

साये भी साथ चलते थे, अब साये छूट जाते हैं,
तन्हाई की राहों में कदम खुद रुठ जाते हैं।
दिल के वीरान कमरे में कोई दस्तक नहीं आती,
ख़्वाबों के टूटने पर भी चेहरे मुस्कुराते हैं।
रातों की चुप्पियों में कुछ आवाज़ें तैरती हैं,
हम सुनना भी चाहें तो कदम डगमगाते हैं।
यादों की राख ओढ़े हुए बैठा हूँ चुपचाप,
जिन लम्हों को छुआ था वो ही दर्द बन जाते हैं।
अब “अंजुम” क्या शिकायत हो वक़्त और किस्मत से,
ज़ख़्मों की निगहबानी में ही दिन कट जाते हैं।

‘अंजुम ‘

*****

तर्के ताल्लुक की शदीद हसरत है अगर
न कभी होंगे रूबरू यह इकरार कर लो
कोई दावा नहीं किया कि मुकम्मल हूँ मैं
अपनी खामियों से भी नजर चार कर लो
फ़रिश्ते तुम भी नहीं अदना इंसान हूँ मैं भी
अपनी ज़मीर से ही सही ये इसरार कर लो
बाद में जो तारीफ करते हुए याद करोगे
अभी कुछ अच्छाइयों से तकरार कर लो
तस्वीर पर फूल ही फूल चढ़ाए जाओगे
फक्त इक सुमन दरकार है उपकार कर लो
'अंजुम '

*****

सहरा में भटक गए इक वजूद के साथ,
तन्हाई बसी रही ख़ौफ़-ए-वफ़ात के साथ।
हस्ती ढल गई उम्मीद-ए-मुलाक़ात के साथ,
रह गईं बस साँसें चंद ख़यालात के साथ।
आईना पूछता रहा चेहरे का सब हाल,
हम ख़ुद से ही जूझते रहे सवालात के साथ।
ज़िंदगी गुज़र गई दर्द-ए-हालात में,
हम मुस्कराते रहे टूटे जज़्बात के साथ।
तेरे नाम से रोशन हैं मेरी सब तहरीरें,
लिखता रहे दर्द-ए-दिल 'अंजुम' के साथ।

*****

खूब सज-धज के घर से चल दिए
फुर्सत के चंद पल जो पा सकूँ कहीं
दुनिया के बाज़ार में हर तरफ पाई
बस भावशून्य भागम-भाग दौड़धूप
बदहवास चेहरों पर कहीं सुकूँ नहीं
अफरा तफरी के माहौल नज़र आए
कहीं जीने की चाहत नहीं, जनूँ नहीं
दौलत की चकाचौंध में सब चल रहे
दिल की खुशियाँ कर के खूँ कहीं
भीड़तंत्र ने धकेल कर गिरा दिया
रौंदा गया न जाने ‘अंजुम ‘ कहीं

*****

हाथ लरज़ते और
पाँव डगमगाते हैं
ज़िन्दगी फिर भी
तेरी राह चले जाते हैं।
ज़ुबान खुलती नहीं
लब कंपकंपाते हैं
फिर भी हम अपनी
दास्ताँ कहे जाते हैं।
जज़्बात का दरिया
मुसलसल बह रहा
आनन्द मगन उसमें
हम डूबे चले जाते हैं।
दुश्मनों के शहर में
दोस्तों के तीर खा के
मुस्कराहट के साए में
सीने में दर्द दबे जाते हैं।
'अंजुम '

*****

बेटियाँ

बेटी विहीन घर समझिए अति शीघ्र वीरान
दो दो कुलों को तारती दोनों घर की शान
लक्ष्मी बहू को मानिए दीजै उस को मान
जीवन में ही स्वर्ग मिले ऐसा लीजो जान
पापा की परियां होती हैं पापा की हैं जान
बेटी के जो अश्क बहे पापा के हरते प्राण
शिकवा गिला नहीं करती न किसी को दोष
भीतर ही आंसू पी लेती रहती हैं खामोश
बहू यदि खामोश रहे तो उस के हैं संस्कार
दिल के दुखड़े प्रभु सुने जाने सब संसार
हृदय को दर्द न दीजिये चाहे कोई हो वो गैर
अबला व्यथा हरि सुने न लीजै उस से वैर
जिस के घर बेटी नहीं सुन लीजै यह बात
परियां पालन की नहीं सब की है औकात
रक्षा करता "सुमन" की बन के कांटा ढाल
ऐसे ही बेटी भी समझती पापा हैं रक्षपाल

'अंजुम '

*****

चेहरे की थकन को कोई पढ़ न सका यहाँ
दिल अपनी ही धड़कन से अक्सर डरता रहा यहाँ

रातों की स्याही में हम ढूँढ़ते रहे ख़ुद को
सवेरा भी आया तो किस्सा अधूरा रहा यहाँ

वादा तो किया था उसने लौटकर ज़रूर आएगा
हम अपनी ही साँसों से बस करता रहा यहाँ

राहों में खड़ी थी कुछ टूटे ख़्वाबों की धूल
क़दम जो बढ़ाया तो हर मंजर बिखरता रहा यहाँ

दुनिया की नज़र में हम कितने संभले हुए थे
अंदर का हर शीशा मगर टूटता रहा यहाँ

इल्तिज़ाओं की सूरत भी क़ाबिल न लगी उन्हें
हमने ही अपने जज़्बातों को आख़िर भरता रहा यहाँ

'अंजुम '

*****

माना हम लोग हैं अजनबी अबतक
पर मुझे देखके इतना मुस्कुराता क्या है
अल्फाज मेरे लबों पर आके जम से गये
नर्म गर्मी से पिघला दे, सताता क्या है
तूने आँखों में इबारत पढ़ ली, बताओ तो,
मेरे ख्याल समझके खुद पे इतराता क्या है
मेरी रुसवाई में तेरा भी है किरदार बहुत
इकबाल ए ज़ुर्म में तेरा जाता क्या है
धड़कनों पे इख़्तियार न सही ‘‘अंजुम ‘‘
इज़हार ए वफा पे तू शर्माता क्या है

*****

बेदिलों की महफ़िलों में पत्थरों के शहर में
ख़ुद को किस तरह सम्हाला ये अफ़साने क्या कहें
सहरा की तपती रेत और चिलचिलाती धूप में
सूखे बादल ने पुकारा ये अफ़साने क्या कहें
दनदनाती लहरों में लड़खड़ाती कश्तियाँ
दूर साहिल का इशारा ये अफ़साने क्या कहें
गुलफिशां की चाहतें और बिखरे काँटे राह में
यूँ चमन को मुड़ के देखा ये अफ़साने क्या कहें
गर्दिशों में रहा सितारा अँधेरी रात के सफ़र
खो गया राहों में 'अंजुम' ये अफ़साने क्या कहें

*****

इक सोच हूँ मैं या विचलित कोई विचारधारा
अंधेरों में भटकती, टूटी-सी एक धड़कन-धारा
फलक पर काँपता हूँ जैसे कोई अकेला सितारा
मुझे भी चाहिए मंज़िल का कोई छोटा-सा इशारा
दिशाहीन ज़िन्दगी है और सफ़र भी बेज़ुबाँ-सा
हर इक मोड़ पर मिलता है वीरानों का नज़ारा
बुझा-सा दिल, थका-सा मन, ये रातें भी गवाही दें
मज़ार पर जलता हूँ जैसे आख़िरी दम का चिराग़-सहारा
अंधेरों से निकलकर ढूँढता हूँ रोशनी का रास्ता
'अंजुम' भी हूँ, भटका हुआ लेकिन जुगनू-सा उजियारा

*****

साये भी साथ चलते थे, अब साये छूट जाते हैं,
तन्हाई की राहों में कदम खुद रुठ जाते हैं।
दिल के वीरान कमरे में कोई दस्तक नहीं आती,
ख़्वाबों के टूटने पर भी चेहरे मुस्कुराते हैं।
रातों की चुप्पियों में कुछ आवाज़ें तैरती हैं,
हम सुनना भी चाहें तो कदम डगमगाते हैं।
यादों की राख ओढ़े हुए बैठा हूँ चुपचाप,
जिन लम्हों को छुआ था वो ही दर्द बन जाते हैं।
अब "अंजुम" क्या शिकायत हो वक़्त और किस्मत से,
ज़ख़्मों की निगहबानी में ही दिन कट जाते हैं।

*****

इक आज़ाद परिन्दा हूँ
मुझे पिन्जरे में मत डालो
खुला है आसमाँ मेरा
मुझे तुम घर में मत पालो
जरा मैं भी तो देखूँ रे
फलक तेरी बुलंदी को
मैं बादल से भी खेलूँगा
किरण से भी रवि तेरी
इक तू ही तो है मेरा
अगर ऐ आसमाँ समझे
तेरी गोदी में खेलूँगा
कभी अठखेलियाँ करता
मगर ऐ आसमाँ मुझको
बाँहों में जकड़ डालो
ये आकाश ही मेरा है
अपने घर में मत पालो
मैं खुले आसमान की
